अमर उजाला 25/02/2023

# कार्यशाला में साक्षात्कार के महत्व पर डाला प्रकाश



गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यशाला के दौरान जानकारी देते वक्ता। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के अंग्रेजी विभाग, लैंग्वेज लैब, प्रबंधकीय विभाग और स्पीक इंग्लिश जिम संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओ का आयोजन विद्यार्थियों के रोजगार विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

डॉ. सीमा कंसल ने साक्षात्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उनके रोजगार पाने की दक्षताओं को इस प्रकार की कार्यशालाओं द्वारा बढ़ाया जा सकता है। स्पीक इंग्लिश जिम संस्थान के निर्देशक गुलजार मेहता व उनकी टीम ने कार्यशाला में संचार कौशल, रिज्यूम लेखन, साक्षात्कार की तैयारी, औपचारिक ड्रेस, व्यवहारिक ज्ञान, मौखिक व बाहरी अभिव्यक्ति जैसे साक्षात्कार के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया।

गुलजार ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के महत्व के बारे में कुछ फनफील्ड गतिविधियों से बताया। कार्यशाला में कॉलेज के लगभग 156 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रबंधकीय विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज व अंग्रेजी विभाग से कमलेश, डॉ. ज्योति, डॉ. अंशु, डॉ. नीना, डॉ. राजेंद्रा, रचना खन्ना आदि मौजूद रहे।